# KEY FOR PHDSK (Entrance Test held dated on 07.01.2024)

| Q. NO. | ANS. |
|---|---|
| 1 | 1 |
| 2 | 3 |
| 3 | 3 |
| 4 | 2 |
| 5 | 4 |
| 6 | 2 |
| 7 | 3 |
| 8 | 4 |
| 9 | 3 |
| 10 | 2 |
| 11 | 2 |
| 12 | 4 |
| 13 | 3 |
| 14 | 3 |
| 15 | 2 |
| 16 | 3 |
| 17 | 2 |
| 18 | 1 |
| 19 | 2 |
| 20 | 1 |
| 21 | 1 |
| 22 | 1 |
| 23 | 2 |
| 24 | 1 |
| 25 | 3 |
| 26 | 1 |
| 27 | 4 |
| 28 | 3 |
| 29 | 2 |
| 30 | 3 |

| Q. NO. | ANS. |
|---|---|
| 31 | 2 |
| 32 | 4 |
| 33 | 4 |
| 34 | 4 |
| 35 | 1 |
| 36 | 4 |
| 37 | 3 |
| 38 | 1 |
| 39 | 4 |
| 40 | 3 |
| 41 | 3 |
| 42 | 2 |
| 43 | 1 |
| 44 | 1 |
| 45 | 3 |
| 46 | 1 |
| 47 | 3 |
| 48 | 3 |
| 49 | 4 |
| 50 | A-3 OR B-2 |
| 51 | 1 |
| 52 | 1 |
| 53 | 1 |
| 54 | 4 |
| 55 | 1 |
| 56 | 3 |
| 57 | 4 |
| 58 | 3 |
| 59 | 4 |
| 60 | 1 |

| Q. NO. | ANS. |
|---|---|
| 61 | 3 |
| 62 | 3 |
| 63 | 1 |
| 64 | 3 |
| 65 | 2 |
| 66 | 3 |
| 67 | 4 |
| 68 | 4 |
| 69 | 1 |
| 70 | 1 |
| 71 | 2 |
| 72 | 4 |
| 73 | 4 |
| 74 | 2 |
| 75 | 3 |
| 76 | 2 |
| 77 | 4 |
| 78 | 2 |
| 79 | 4 |
| 80 | 2 |
| 81 | 3 |
| 82 | 2 |
| 83 | 3 |
| 84 | 2 |
| 85 | 1 |
| 86 | 1 |
| 87 | 3 |
| 88 | 2 |
| 89 | 4 |
| 90 | 3 |

| Q. NO. | ANS. |
|---|---|
| 91 | 4 |
| 92 | 1 |
| 93 | 4 |
| 94 | 2 |
| 95 | 1 |
| 96 | ALL OK |
| 97 | 2 |
| 98 | 1 |
| 99 | 3 |
| 100 | 3 |

19.01.2024

प्रो. कौशल्या / Prof. Kaushalya
निदेशक / Director
मानविकी विद्यापीठ / School of Humanities
इ.गाँ.रा.मु.वि., मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068
IGNOU, Maidan Garhi, New Delhi-110068

No. of Printed Pages : 24 **PHDSK**

# पी-एच. डी. (संस्कृत)

## प्रवेश परीक्षा, जुलाई, 2023

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

### सामान्य निर्देश

1. सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
2. परीक्षा कक्ष के अंदर सेलफोन, कैलकुलेटर्स, पुस्तकें, स्लाइड-रूल्स, नोटबुक्स या लिखित नोट्स, इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं है।
3. आपको परीक्षा स्थल पर केंद्र व्यवस्थापक व निरीक्षक के द्वारा दिए गये निर्देशों का अनुपालन करना होगा। ऐसा न करने पर आपको अयोग्य घोषित किया जाएगा।
4. कोई परीक्षार्थी नकल करते या कराते हुए पकड़ा जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
5. आपको निरीक्षक द्वारा प्रश्न-पुस्तिका तथा ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक प्रदान किया जाएगा। परीक्षा समाप्त हो जाने के पश्चात्, परीक्षा कक्ष छोड़ने से पहले ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक तथा प्रश्न-पुस्तिका को निरीक्षक को सौंप दें। किसी परीक्षार्थी द्वारा ऐसा न करने पर उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालय उसके खिलाफ आगे कार्यवाही कर सकता है।
6. सभी रफ कार्य प्रश्नपत्र पर ही करना है, किसी अन्य कागज पर नहीं। स्क्रैप पेपर की अनुमति नहीं है। उत्तर देते समय आप उत्तर-पुस्तिका में ही हाशिये का प्रयोग कर सकते हैं, कुछ निशान लगा सकते हैं या रेखांकित कर सकते हैं।
7. विश्वविद्यालय को यह अधिकार है कि किसी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित व्यवहार या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उसके परिणाम को रद्द कर दे। विश्वविद्यालय को भी चाहिए कि वह सभी परीक्षार्थियों के अंकों की जाँच एकसमान रूप से करे। यदि कहीं से ऐसा दिखाई देता है कि आपका निष्पादन उचित नहीं है, तो विश्वविद्यालय आपके परिणाम रद्द कर सकता है।

## ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक एवं परीक्षा उत्तर-पत्रक पर सूचना कैसे भरें ?

1. 10 अंकों में अपना पूर्ण अनुक्रमांक लिखें। यह अनुक्रमांक ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आपके द्वारा डाले गए अनुक्रमांक से मिलना चाहिए। दिए गए स्थान में अपना सही नाम, पता भी पिन कोड सहित लिखें। ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर तिथि सहित अपने हस्ताक्षर करें। यह सुनिश्चित कर लें कि आपके परीक्षा कक्ष में निरीक्षक ने भी दी गई जगह पर तिथि सहित ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

2. ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर परीक्षार्थी का विवरण नीले/काले बाल पेन द्वारा भरा जाना चाहिए। अनुक्रमांक व परीक्षा केंद्र कूट लिखने व साथ ही प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर-संख्या वाले गोले को काला करने के लिए भी नीले/काले बाल पेन का प्रयोग करें।

3. इस पत्रक पर कोई अवांछित निशान न लगायें।

4. अनुक्रमांक तथा परीक्षा केंद्र कूट स्तंभ में सही सूचना अंकों में लिखें। संगत गोले को पूर्णतः गहरा करें तथा पूर्ण रूप से भरें।

5. प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर हैं जिन्हें (1), (2), (3) व (4) द्वारा दर्शाया गया है। आपको इनमें से सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनकर दर्शाना है। सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनकर नीले/काले बाल पेन से प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर वाले गोले को काला करें।

6. एक से अधिक उत्तर होने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। इसलिए सर्वाधिक उचित उत्तर को ही चुनें।

7. एक प्रश्न पर अधिक समय मत खर्च कीजिए। यदि आपको कोई प्रश्न कठिन लग रहा हो, तो उसे छोड़कर अगले प्रश्न को हल करने का प्रयास कीजिए। बाद में समय बचने पर उस छोड़े हुए प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।

8. गलत उत्तरों हेतु कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।

1. "सामाजिक तथ्य की परस्पर सम्बन्धित प्रक्रियाओं की विधिवत् खोज एवं विश्लेषण सामाजिक अनुसन्धान है।" यह परिभाषा किसने दी ?

(1) यंग

(2) बोगार्डस

(3) मोजर

(4) रेडमैन

2. "अनुसन्धान किसी समस्या के अच्छे समाधान के लिए क्रमबद्ध तथा विशुद्ध चिन्तन एवं विशिष्ट उपकरणों के प्रयोग की एक विधि है।" यह किस विद्वान् का मत है ?

(1) फ्रेडरिक ऑस्टिन ऑग

(2) मुनरो

(3) क्रॉफोर्ड

(4) हिटने

3. सामाजिक अनुसन्धान का निम्नलिखित में से किससे सम्बन्ध होता है ?

(1) प्रकृति से

(2) अन्तरिक्ष से

(3) सामाजिक जीवन से

(4) भौतिक जीवन से

4. अनुसन्धान की प्रक्रियाओं का सही क्रम है :

(1) अवलोकन, साधारणीकरण, वर्गीकरण, सत्यापन

(2) अवलोकन, वर्गीकरण, साधारणीकरण, सत्यापन

(3) सत्यापन, साधारणीकरण, अवलोकन, वर्गीकरण

(4) वर्गीकरण, सत्यापन, अवलोकन, साधारणीकरण

5. एक योग्य शोधार्थी में किन गुणों का सन्निवेष होना चाहिए ?

(1) क्षमता

(2) कृतज्ञता

(3) जिज्ञासा

(4) ये सभी

6. रॉयल एशियाटिक सोसायटी की स्थापना किसने की थी ?

(1) फिलिप्पो सारसेट्टी

(2) विलियम जोन्स

(3) लॉर्ड कर्जन

(4) कीथ

7. शोध में सामग्री संकलन के स्रोत कितने हैं ?

(1) तीन (2) चार

(3) दो (4) छः

8. 'अन्तर्राष्ट्रीय लोकयानी अनुसन्धाता' इस पुस्तक के सम्पादक हैं—

(1) डॉ. नगेन्द्र (2) कन्हैया सिंह

(3) उदय नारायण तिवारी (4) नरेन्द्र धीर

9. मूल्यांकन अनुसंधान निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(1) हम क्यों कर रहे हैं। (2) हम क्या कर रहे हैं।

(3) हम कितना अच्छा कर रहे हैं। (4) इनमें से किसी से नहीं

10. अंतःविषय अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(1) अनुसंधान की समस्या को सरल बनाना

(2) अनुसंधान के लिए समग्र दृष्टिकोण लाना

(3) अनुसंधान पद्धति में एक नई प्रवृत्ति बनाना

(4) शोध क्षेत्र में किसी एक विषय पर जोर कम करना

11. सामाजिक शोध का प्रथम चरण है—

(1) समस्या का प्रतिपादन (2) विधि का प्रयोग

(3) आँकड़ों का विश्लेषण (4) तथ्य का संकलन

12. सामाजिक शोध में निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है ?

(1) प्रतिदिन भ्रमण (2) बगीचे का अवलोकन

(3) नदियों का दौरा (4) अध्ययन क्षेत्र एवं निदर्श

13. शोध पद्धति के रूप में त्वरित ग्राम मूल्यांकन का विकास किस दशक में हुआ था ?

(1) 1950 के दशक में (2) 1960 के दशक में

(3) 1970 के दशक में (4) 1980 के दशक में

14. अनुसंधान प्रक्रिया में "एक्सियोलॉजी (मूल्यमीमांसा)" किससे संबंधित है ?

(1) ज्ञानमीमांसीय धारणाओं (2) अनुसंधान पद्धति

(3) मूल्यों और नैतिकता के अध्ययन (4) शून्य परिकल्पनाओं

15. शैक्षिक शोध का उद्देश्य क्या है ?

(1) उन प्रमुख समस्याओं की पहचान करना, जिनका समाधान करना

(2) शिक्षा की प्रक्रिया में अंतर्निहित नए तथ्यों और सिद्धांतों की खोज करना

(3) शिक्षा के उद्देश्यों की पहचान करना

(4) उन मूल्यों की पहचान करना, जिन्हें विद्यार्थियों में विकसित करने की आवश्यकता

16. किस विद्वान् ने 'रामचरितमानस' का रूसी भाषा में अनुवाद किया था ?

(1) दाराशिकोह (2) विंटरनित्ज

(3) बारानिकोव्ह (4) मेगस्थनीज

17. प्रथम विदेशी विद्वान् जिन्होंने कोंकणी भाषा का व्याकरण लिखा था :

(1) विंटरनित्ज (2) फादर थॉमस स्टीफेन्सन

(3) प्रो. लुईस (4) जोहान अर्न्स्ट

18. किस विद्वान् ने ऋग्वेद का विस्तृत टिप्पणी सहित प्रकाशन किया था ?

(1) विल्सन (2) बोथलिंग्क

(3) मैक्डोनाल्ड (4) डॉ. कीथ

19. किस शोधार्थी ने लन्दन विश्वविद्यालय से 1911 ईस्वी में 'तुलसीदास दर्शन' पर शोध की उपाधि प्राप्त की थी ?

(1) प्रो. सत्येन्द्र नाथ राय (2) डॉ. कारपेन्टर

(3) मोहुउद्दीन कादरी (4) बाबूराम सक्सेना

20. वैज्ञानिक शोध के सोपानों का सही क्रम है—

(1) विषय परिकल्पना, सामग्री संचयन, सामग्री विश्लेषण, निष्कर्ष

(2) सामग्री संचयन, सामग्री विश्लेषण, निष्कर्ष, विषय परिकल्पना

(3) विषय परिकल्पना, सामग्री विश्लेषण, सामग्री संचयन, निष्कर्ष

(4) सामग्री विश्लेषण, विषय परिकल्पना, सामग्री संचयन, निष्कर्ष

21. निम्नलिखित में से वैज्ञानिक विधियों की पहचान कीजिए :

(A) स्पष्ट रूप से परिभाषित चर और प्रक्रिया

(B) अनुभवजन्य रूप से परिकल्पना

(C) आत्म-सुधार के लिए कम या कोई गुंजाइश नहीं है

(D) निष्कर्ष का भाषाई औचित्य

(E) प्रतिद्वंद्वी परिकल्पनाओं को खारिज करने की क्षमता

**कूट :**

(1) A, B और E (2) B, C और D

(3) B, D और E (4) C, D और E

22. भारत में शोध सम्बन्धी नियमावली बनाने वाली संस्था है—

(1) यू. जी. सी. (2) शिक्षा मन्त्रालय

(3) बोर्ड ऑफ रिसर्च स्टडीज (4) एन. सी. टी. ई.

23. शोध में प्लेगरिजम क्या है ?

(1) किसी पूर्ववर्ती तथ्य का रचनात्मक प्रयोग

(2) बिना अनुमति एवं सन्दर्भ के तथ्यों का उपस्थापन

(3) किसी तथ्य का उद्धरणपूर्वक उल्लेख

(4) उपर्युक्त सभी

24. 'संस्कृत-मञ्जरी' नामक पत्रिका किस संस्थान से प्रकाशित होती है ?

(1) दिल्ली संस्कृत अकादमी (2) हरियाणा संस्कृत अकादमी

(3) उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी (4) राजस्थान संस्कृत अकादमी

25. 'शोध-प्रज्ञा' नामक रिसर्च जर्नल किस विश्वविद्यालय से प्रकाशित होता है ?

(1) बी. एच. यू.
(2) जे. एन्. यू.
(3) उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
(4) राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

26. संस्कृत विमर्श शोध पत्रिका का सम्बन्ध है–

(1) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली से
(2) श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से
(3) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से
(4) राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति, नई दिल्ली से

27. 'श्रीवैष्णवी' शोध पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है ?

(1) जयपुर
(2) हरिद्वार
(3) मुम्बई
(4) जम्मू

28. विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध केन्द्र कहाँ अवस्थित है ?

(1) उत्तर प्रदेश
(2) केरल
(3) पंजाब
(4) राजस्थान

29. स्तर-1 प्लेगरिजम में स्वीकृत समानता का स्तर क्या है ?

(1) दस प्रतिशत तक
(2) दस से चालीस प्रतिशत तक
(3) पचास प्रतिशत तक
(4) पचास से साठ प्रतिशत तक

30. सामग्री संचयन के स्रोत 'प्रश्नावली' हेतु अधोलिखित में से क्या आवश्यक नहीं है?

(1) प्रश्न स्पष्ट हों
(2) प्रश्नावली बहुत लम्बी न हो
(3) एक ही प्रश्न में अनेक प्रश्न समाहित हों
(4) ये सभी

31. शोध प्रबन्ध के मुख्य अधोलिखित तीन घटकों का व्यवस्थित क्रम क्या है ?

(1) विषय प्रतिपादन, भूमिका, निष्कर्ष
(2) भूमिका, विषय प्रतिपादन, निष्कर्ष
(3) भूमिका, निष्कर्ष, विषय प्रतिपादन
(4) इनमें से कोई नहीं

32. महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण का प्रकाशन कहाँ से हुआ था ?

(1) अहमदाबाद
(2) मुंबई
(3) दिल्ली
(4) पुणे

33. सामाजिक शोध के प्रतिवेदन में सम्मिलित है—

(1) शोध का उद्देश्य
(2) एकत्रित नमूनों का विवरण
(3) तथ्य संकलन के स्रोतों का विवरण
(4) ये सभी

34. पाठालोचन की सहायक सामग्री के अन्तर्गत किसका परिगणन नहीं होता है?

(1) भूर्जपत्र
(2) तालपत्र
(3) प्रस्तर लेख
(4) मूल ग्रन्थ की उपलब्धता पर प्रतिलिपि

35. आदर्श प्रतिलिपि के पाठ-निर्धारण की वैज्ञानिक प्रविधि का सही क्रम क्या है ?

(1) सामग्री संकलन, पाठ-निर्धारण, पाठ-सुधार, उच्चतर आलोचना
(2) उच्चतर आलोचना, सामग्री संकलन, पाठ-निर्धारण, पाठ-सुधार
(3) सामग्री संकलन, उच्चतर आलोचना, पाठ-निर्धारण, पाठ-सुधार
(4) उच्चतर आलोचना, पाठ-सुधार, सामग्री संकलन, पाठ-निर्धारण

36. प्रतिलिपियों की पाठ्य-विकृतियों के वर्गीकरण में नहीं आता है—

(1) भ्रम
(2) पाठ-लोप
(3) पाठ-आगम
(4) बुद्धिनाश

37. "कोरी वैज्ञानिक प्रक्रिया से हिन्दी के किसी ग्रन्थ का ठीक-ठीक सम्पादन नहीं हो सकता है।" यह कथन किसका है ?

(1) राजबली पाण्डेय
(2) डॉ. नगेन्द्र
(3) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(4) रामधारी सिंह 'दिनकर'

38. ‘कृषि-शब्दावली’ के लेखक कौन हैं ?

(1) प्यारेलाल गर्ग (2) हरि प्रसाद गुप्त

(3) अम्बा प्रसाद सुमन (4) कान्ति कुमार

39. भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थित है—

(1) मैसूर में (2) बड़ौदा में

(3) दिल्ली में (4) पुणे में

40. गंगानाथ झा परिसर कहाँ पर स्थित है ?

(1) जम्मू में (2) होशियारपुर में

(3) प्रयागराज में (4) वाराणसी में

41. ‘ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट’ किस विश्वविद्यालय के लिए प्रयुक्त होता है ?

(1) दिल्ली विश्वविद्यालय (2) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

(3) इलाहाबाद विश्वविद्यालय (4) राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

42. यू.जी.सी. का संस्कृत में ध्येयवाक्य क्या है ?

(1) सत्यमेव जयते (2) ज्ञान-विज्ञानविमुक्तये

(3) निष्ठा धृतिः सत्यम् (4) ज्ञानं परमं ध्येयम्

43. इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

(1) 1945 (2) 1965

(3) 1775 (4) 1985

44. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलगीत की रचना किसने की थी ?

(1) शान्तिस्वरूप भटनागर (2) डॉ. नगेन्द्र

(3) पण्डित मदन मोहन मालवीय (4) अमरनाथ झा

45. “A Wonder That was India” के लेखक कौन हैं ?

(1) राम सहाय (2) डी. एन. झा

(3) ए. एल. बाशम (4) विपिनचन्द्र

46. 'वाल्मीकि रामायण-कोश' के लेखक का नाम है—

(1) रामकुमार राय
(2) मैक्स मूलर
(3) कीथ
(4) सुधाकर पाण्डेय

47. 'भारतीय पाठालोचन की भूमिका' के प्रणेता कौन हैं ?

(1) कन्हैया सिंह
(2) नरेन्द्र धीर
(3) उदय नारायण तिवारी
(4) विश्वनाथ प्रसाद

48. "स्टडीज इन एपिक्स एण्ड पुराणाज ऑफ इण्डिया" के लेखक कौन हैं ?

(1) मैक्स मूलर
(2) विन्टरनित्ज
(3) पुसाल्कर
(4) कीथ

49. अधोलिखित में से भिन्न शब्द का चयन कीजिए :

(1) शोध
(2) अनुसन्धान
(3) अन्वेषण
(4) सर्वेक्षण

50. वर्तमान में इण्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ संस्कृत स्टडीज के अध्यक्ष कौन हैं ?

(1) प्रो. राजेन्द्र मिश्र
(2) प्रो. हरिदत्त शर्मा
(3) प्रो. दीप्ति त्रिपाठी
(4) प्रो. पर्ण दत्त सिंह

उन्नीसवाँ विश्व संस्कृत सम्मेलन कहाँ आयोजित होने की घोषणा हुई है ?

(1) दिल्ली, भारत
(2) काठमाण्डू, नेपाल
(3) ढाका, बांग्लादेश
(4) बर्लिन, जर्मनी

51. "मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्" यह वचन कहाँ प्राप्त होता है ?

(1) आपस्तम्बधर्मसूत्र में
(2) पारस्करगृहसूत्र में
(3) मनुस्मृति में
(4) ऋक्प्रातिशाख्य में

52. चारणवैद्य शाखा किससे सम्बद्ध है ?

(1) अथर्ववेद (2) ऋग्वेद

(3) सामवेद (4) यजुर्वेद

53. ज्योतिषीय गणना के आधार पर ऋग्वेद का काल किस-किस ने निर्धारित किया है ?

(A) बाल गंगाधर तिलक (B) याकोबी

(C) मैक्स मूलर (D) ए. वेबर

**कूट :**

(1) A एवं B (2) A एवं C

(3) C एवं D (4) A एवं D

54. माण्डूक्योपनिषद् किससे सम्बद्ध है ?

(1) ऋग्वेद (2) कृष्णयजुर्वेद

(3) सामवेद (4) अथर्ववेद

55. सरमापणि संवाद कहाँ प्राप्त होता है ?

(1) ऋग्वेद के दशम मण्डल में (2) ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में

(3) ऋग्वेद के सप्तम मण्डल में (4) यजुर्वेद के सप्तम अध्याय में

56. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए :

**कथनम्**—"सहस्रशीर्षा पुरुषः" इत्यत्र मन्त्र में सायण के द्वारा 'सहस्रशीर्षा' शब्द का "अनन्तैर्शिरोभिर्युक्तम्" यह अर्थ ग्रहण किया है।

**कारणम्**—सहस्रशब्द उपलक्षण होने के कारण

(1) कथन सत्य, कारण असत्य (2) कथन असत्य, कारण भी असत्य

(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य (4) कथन असत्य, कारण सत्य

57. "जनासः" यहाँ कौन-सा प्रातिपदिक है ?

(1) जना (2) जनस्

(3) जनास् (4) जन

58. "हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।" इस मन्त्र का देवता कौन है ?

(1) प्रजापतिपुत्रो हिरण्यगर्भः
(2) हिरण्यगर्भपुत्रः प्रजापतिः
(3) कशब्दाभिधेयः प्रजापतिः
(4) हिरण्यगर्भशब्दाभिधेयः प्रजापतिः

59. यथोचित मेलन कीजिए—

(A) याज्ञवल्क्यगार्गी संवाद — (i) तैत्तिरीयोपनिषद्
(B) शिक्षावल्ली — (ii) बृहदारण्यकोपनिषद्
(C) नचिकेतोपाख्यान — (iii) ईशावास्योपनिषद्
(D) विद्ययाऽमृतमश्नुते — (iv) कठोपनिषद्

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | iii | ii | iv | i |
| (4) | ii | i | iv | iii |

60. अधोलिखित में से सौत्रान्तिक किसको सिद्धान्त रूप में स्वीकार करते हैं ?

(A) वस्तु की बौद्ध सत्ता
(B) वस्तु की बाह्य सत्ता
(C) वस्तु की बाह्य सत्ता के अभाव
(D) वस्तु की बौद्ध सत्ता के अभाव

**कूट :**

(1) A एवं B
(2) B एवं C
(3) C एवं D
(4) A एवं D

61. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए—

"पर्वतो वह्निमान् धूमवत्त्वात्" यहाँ चार्वाक के मत में :

**कथन**—अनुमितिज्ञानं न निश्चयात्मकम्।

**कारणम्**—सर्वस्थानेषु व्याप्तिसम्बन्धस्य अप्रत्यक्षत्वात्।

(1) कथन सत्य, कारण असत्य
(2) कथन असत्य, कारण भी असत्य
(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य
(4) कथन असत्य, कारण सत्य

62. आर्हतमत में 'अस्तिकाय:, अनस्तिकाय:' ये किसके दो भेद माने गए हैं ?

(1) जीव (2) अजीव

(3) द्रव्य (4) पुद्गल

63. अधोलिखित में से सत्कार्यवाद के समर्थन में कौन-सा हेतु नहीं है ?

(A) असद्करणम् (B) सर्वसम्भवाभाव:

(C) शक्तस्य शक्यकरणम् (D) सर्वसम्भवभाव:

**कूट :**

(1) A एवं D (2) B एवं D

(3) A एवं C (4) C एवं D

64. "तत्र निष्प्रकारकं ज्ञानं निर्विकल्पकम्" यहाँ 'निष्प्रकारकम्' का क्या आशय है ?

(1) स्वरूपेण निराकारम् (2) नामजात्यादियोजनाविशिष्टम्

(3) विशेषणविशेष्यसम्बन्धानवगाहिज्ञानम् (4) विशेषणविशेष्यसम्बन्धावगाहिज्ञानम्

65. यथोचित मेलन कीजिए—

(A) स्पर्शरसवर्णवन्त: (i) अविरति:

(B) समनस्का अमनस्काश्च (ii) पुद्गला:

(C) आस्रवनिरोध: (iii) जीवा:

(D) षडिन्द्रियासंयमनम् (iv) संवर:

कूट :

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

66. अधोलिखित में से कौन-से दो समीचीन हैं ?

(A) उपष्टम्भकं रजः

(B) लघुप्रकाशकं जीवः

(C) गुरुः तमः

(D) चलं सत्वम्

**कूट :**

(1) A एवं B

(2) B एवं C

(3) A एवं C

(4) C एवं D

67. 'अनुपसंहारी' यह किस हेत्वभास का भेद है ?

(1) बाधित

(2) सत्प्रतिपक्ष

(3) असिद्ध

(4) सव्यभिचार

68. तर्कसंग्रहकार के मत में ग्रन्थ के प्रारम्भ में मंगलाचरण में क्या प्रमाण है ?

(1) श्रुति

(2) शिष्टाचार

(3) गुरूपदेश

(4) शिष्टाचारानुमितश्रुति

69. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए—

**कथनम्**—'चित्रया यजेत पशुकामः' यहाँ चित्राशब्द याग का नामधेय है ।

**कारणम्**—मत्वर्थलक्षणा के भय के कारण।

(1) कथन सत्य, कारण असत्य

(2) कथन असत्य, कारण भी असत्य

(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य

(4) कथन असत्य, कारण सत्य

70. अधोलिखित में से भर्तृहरि ने किसे ध्वनि का भेद माना है ?

(A) प्राकृत को

(B) वैकृत को

(C) व्यक्त को

(D) अव्यक्त को

**कूट :**

(1) A एवं B

(2) B एवं C

(3) C एवं D

(4) A एवं D

71. यथोचित मेलन कीजिए—

(A) नागेशभट्टः (i) संग्रहः

(B) मण्डनमिश्रः (ii) स्फोटसिद्धिः

(C) पण्डितराजजगन्नाथः (iii) वैयाकरणसिद्धान्तमञ्जूषा

(D) व्याडिः (iv) मनोरमाकुचमर्दनम्

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | iii | i |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

72. पाणिनीयशिक्षा में वर्णों की कितनी संख्या मानी गई है ?

(A) चतुःषष्टिः (B) पञ्चषष्टिः

(C) एकषष्टिः (D) त्रिषष्टिः

**कूट :**

(1) A एवं B (2) B एवं C

(3) C एवं D (4) A एवं D

73. हैमव्याकरण है—

(1) चतुरङ्ग (2) एकाङ्ग

(3) अनङ्ग (4) पञ्चाङ्ग

74. पाणिनीयशिक्षा में उदात्त का स्थान कहाँ कहा गया है ?

(1) हृदय में (2) मूर्धा में

(3) कर्णमूल में (4) सम्पूर्ण मुख में

75. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए—

**कथनम्**—'न क्ये' इस सूत्र के द्वारा 'क्य' परे होने पर नकारान्त की ही पदसञ्ज्ञा होती है।

**कारणम्**-नियमसूत्र होने के कारण।

(1) कथन सत्य, कारण असत्य
(2) कथन असत्य, कारण भी असत्य
(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य
(4) कथन असत्य, कारण सत्य

76. पाणिनीय व्याकरण में शब्द से किसका ग्रहण किया जाता है ?

(A) सञ्ज्ञाशब्द से संज्ञीमात्र

(B) सञ्ज्ञाशब्द से शब्दस्वरूपमात्र

(C) सञ्ज्ञाशब्दातिरिक्त शब्द से शब्दस्वरूपमात्र

(D) सञ्ज्ञाशब्दातिरिक्त शब्द से अर्थमात्र

**कूट :**

(1) A एवं B
(2) A एवं C
(3) C एवं D
(4) A एवं D

77. अधोलिखित में से प्रगृह्यसंज्ञाविधायक सूत्रों का चयन कीजिए—

(A) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्
(B) अणोऽप्रगृह्यस्य
(C) निपात एकाजनाङ्
(D) ओत्

**कूट :**

(1) A एवं B
(2) B एवं C
(3) A एवं D
(4) C एवं D

78. 'पीताम्बर:' की सिद्धिप्रक्रिया में 'पीत जस् अम्बर जस' इस स्थिति में प्रवृत्त अधोलिखित सूत्रों के उचित क्रम का चयन कीजिए—

(A) कृत्तद्धितसमासाश्च
(B) अनेकमन्यपदार्थे
(C) सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ
(D) सुपो धातुप्रातिपदिकयो:

**कूट :**

(1) C, B, A, D
(2) B, A, D, C
(3) A, B, C, D
(4) C, A, D, B

79. अधोलिखित के उचित कालानुक्रम का चयन कीजिए—

(A) वामन-जयादित्य

(B) पाणिनि

(C) सेनक

(D) भट्टोजिदीक्षित

कूट :

(1) B, C, A, D

(2) B, C, D, A

(3) C, B, D, A

(4) C, B, A, D

80. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए—

**कथनम्**—भास कालिदास के समकालीन माने जाते हैं।

**कारणम्**—विक्रमोर्वशीय के भरतवाक्य में कालिदास के द्वारा नामोल्लेख किए जाने के कारण।

(1) कथन सत्य, कारण असत्य

(2) कथन असत्य, कारण भी असत्य

(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य

(4) कथन असत्य, कारण सत्य

81. अधोलिखित में से कौन-से दो नाटक रामायण की कथा पर आश्रित हैं ?

(A) प्रतिमानाटकम्

(B) बालचरितम्

(C) महावीरचरितम्

(D) अविमारकम्

कूट :

(1) A एवं B

(2) B एवं C

(3) C एवं A

(4) B एवं D

82. 'हर्षचरित' का विभाजन किसमें मिलता है ?

(1) अध्यायों

(2) उच्छ्वासों

(3) अंकों

(4) पीठिकाओं

83. अधोलिखित में से लोंजाइनस महोदय के विषय में सत्य कथन का चयन कीजिए–

(A) काव्यशास्त्री (B) दार्शनिक

(C) भारत में अध्यापक (D) आंग्लदेशीयः

**कूट :**

(1) A एवं C (2) B, C एवं D

(3) A एवं B (4) A, C एवं D

84. 'उत्तररामचरित' के अंकों के नामों का यथोचित मेलन कीजिए–

(A) छायांक (i) प्रथम

(B) चित्रदर्शन (ii) द्वितीय

(C) सम्मेलन (iii) तृतीय

(D) पंचवटीप्रवेश (iv) सप्तम्

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

85. "क्रोंचद्वन्द्ववियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वम् आगतः" यह किसका कथन है ?

(1) आनन्दवर्धन (2) मम्मट

(3) अभिनवगुप्त (4) वाल्मीकि

86. अधोलिखित में से संस्कृत साहित्य में कौन विदूषक है ?

(A) मैत्रेय (B) गौतम

(C) संवाहक (D) दुर्मुख

**कूट :**

(1) A एवं B (2) B एवं C

(3) B एवं D (4) C एवं D

87. अधोलिखित में से आर्या छन्द से सम्बद्ध कथन का चयन कीजिए—

(A) प्रथमे पादे द्वादशमात्रा

(B) द्वितीये पादे द्वादशमात्रा

(C) तृतीये पादे पञ्चदशमात्रा

(D) चतुर्थे पादे पञ्चदशमात्रा

**कूट :**

(1) A एवं B

(2) A एवं C

(3) A एवं D

(4) B एवं D

88. यथोचित मेलन कीजिए—

(A) गौतमी

(B) रोहसेन

(C) तमसा

(D) पद्मावती

(i) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(ii) मृच्छकटिकम्

(iii) स्वप्नवासवदत्तम्

(iv) उत्तररामचरितम्

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | iii | iv | ii | ii |

89. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' यह किसका कथन है ?

(1) जगन्नाथ

(2) महिमभट्ट

(3) मम्मट

(4) भामह

90. महाभारत के विकासक्रम में उल्लिखित विविध नाम कौन-से हैं ?

(A) जय

(B) विजय

(C) भारत

(D) महाभारत

**कूट :**

(1) A, B एवं C

(2) B, C एवं D

(3) A, C एवं D

(4) A एवं D

91. यथोचित मेलन कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | विज्ञानेश्वर | (i) | मन्वर्थमुक्तावली |
| (B) | कुल्लूक | (ii) | मन्वर्थचन्द्रिका |
| (C) | राघवानन्द | (iii) | विवृतिः |
| (D) | नारायण | (iv) | मिताक्षरा |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

92. समीचीन उत्तर का चयन कीजिए—

डिरिंजरमत—

**कथनम्**—ब्राह्मी लिपि पुराकाल में दक्षिण से वामपक्ष में लिखी जाती थी।

**कारणम्**—लेखनसौकर्य के कारण।

(1) कथन सत्य, कारण असत्य

(2) कथन असत्य, कारण भी असत्य

(3) कथन सत्य, कारण भी सत्य

(4) कथन असत्य, कारण सत्य

93. अधोलिखित में से कौन-सा नाम 'अष्टादशोपपुराण' में परिगणित नहीं है ?

(1) आदिपुराणम्

(2) नरसिंहपुराणम्

(3) मानवपुराणम्

(4) कूर्मपुराण

94. श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत के किस पर्व में है ?

(1) आदिपर्व

(2) भीष्मपर्व

(3) शांतिपर्व

(4) सौप्तिकपर्व

95. अधोलिखित कौटिल्य वचनों का यथोचित मेलन कीजिए—

| | |
|---|---|
| (A) गृहस्थ | (i) स्वाध्याय |
| (B) ब्रह्मचारी | (ii) शेषभोजन |
| (C) वानप्रस्थ | (iii) संगत्याग |
| (D) संन्यासी | (iv) भूमिशय्या |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | ii | i | iii | iv |

96. अधोलिखिता वचनों का यथोचित मेलन कीजिए—

| | |
|---|---|
| (A) वृद्धसंयोगमूल | (i) विद्या |
| (B) दंडमूला | (ii) दंड: |
| (C) विनयमूल | (iii) इन्द्रियजय: |
| (D) विद्याविनयहेतु: | (iv) विनय: |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | i | iii | iv |

97. "दंड: शास्ति प्रजा:" यह किसका वचन है ?

(1) अर्थशास्त्र (2) मनुस्मृति

(3) याज्ञवल्क्यस्मृति (4) महाभारत

98. अधोलिखित वचनों का यथासम्बन्ध मेलन कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | निःक्षिपेत् | (i) | अलब्धम् |
| (B) | रक्षेत् | (ii) | पात्रेषु |
| (C) | लिप्सेत | (iii) | रक्षितम् |
| (D) | वर्धयेत् | (iv) | लब्धम् |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

99. "अपुत्रेण परक्षेत्रे नियोगोत्पादितः सुतः धर्मतः पिण्डदाता।" यह किसका वचन है ?

(1) अर्थशास्त्र (2) मनुस्मृति

(3) याज्ञवल्क्यस्मृति (4) महाभारत

100. अशिष्ट-अप्रतिसिद्ध शब्दों के ज्ञान के विषय में भाष्यकार का कौन सा मंतव्य है ?

(1) अशिष्ट-अप्रतिसिद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म होता है।

(2) अशिष्ट-अप्रतिसिद्ध शब्दों के ज्ञान में अधर्म होता है।

(3) अशिष्ट-अप्रतिसिद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म और अधर्म दोनों नहीं होते हैं।

(4) अशिष्ट-अप्रतिसिद्ध शब्दों के ज्ञान में धर्म और अधर्म दोनों होते हैं।

*Space for Rough Work*

रफ कार्य के लिए

*Space for Rough Work*

रफ कार्य के लिए